तापमान

अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 जनवरी 2024



11 स्वयंसेवकों को रक्तदान के लिए किया प्रेरित





12 राम मंदिर के दर्शन करने के लिए 9 व 10 फरवरी निर्धारित




## खबर संक्षेप

### निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैम्प आज से

**सोनीपत।** भारतीय जैन संगठन दिल्ली द्वारा समाज कल्याण एवं जन सेवा अभियान के अंतर्गत 05 -06-07 जनवरी 2024 को निशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह कैंप संजोग हस्पताल एलडिगो सोनीपत में हो रहा है। सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि वो और उनकी टीम इस अयोजन को सफल बनाने में संजोग हॉस्पिटल के साथ लगातार कार्य कर रहे हैं। इस कैंप के आयोजन मे सेफ इंडिया फाउंडेशन, स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन, रोटरी कलब व लायंस क्लब का योगदान है।

### गली में खड़ी ई-रिक्शा चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी नांगल कला में घर के बाहर गली में खड़ी ई-रिक्शा के चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। सीतापुर उत्तर प्रदेश हाल में नांगल कलां निवासी विनय कुमार ने बताया कि उसने परिवार का पालन-पोषन करने के लिए ई-रिक्शा ले रखी है। उसे गत 2 जनवरी को ई-रिक्शा को गली के बाहर खड़ी किया था। अगले दिन ई-रिक्शा गायब मिली। अपने स्तर पर रिक्शा की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

### मोबाइल टॉवर से बैटरी चोरी का आरोपी काबू

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र में मोबाइल टावर की बैटरी चोरी होने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अरशाद निवासी मेरठ हाल में बागपता उत्तर प्रदेश का है। पुलिस वारदात में शामिल छह आरोपितों को पहले काबू कर चुकी है। महलाना निवासी नवीन ने गत 13 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके पास कार्यालय से फोन आया कि साइट डाउन है। वह गांव चिटाना में पहुंचा। जहां टावर में लगी चार बैटरी गायब मिली।

### खनन के मामले में जांच के दौरान विधायक सुरेंद्र पंवार के घर पर मारा छापा

# विधायक के घर पहुंची ईडी, खंगाला रिकॉर्ड

- देर शाम तक जारी रही जांच, दस्तावेजों की हुई जांच, कब्जे में भी लिए
- पहले गलती से सुरेश त्यागी के घर पहुंच गई थी ईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने वीरवार को सोनीपत विधानसभा से विधायक एवं कांग्रेसी नेता सुरेंद्र पंवार के आवास पर छापा मार दिया। सुबह-सुबह पहुंचीं ईडी की टीम ने वर्ष 2013 से पहले खनन में अनियमितताओं के एक मामले की जांच शुरू की।

सुरेंद्र पंवार और उनके साझेदारों के यहां पर छापेमार की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान घर में पहुंचीं ईडी की टीम ने विधायक और अन्य परिजनों के फोन अपने कब्जे में ले लिए, इसके बाद जांच शुरू करते हुए कागजात खंगाले। इस दौरान घर के मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया और केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों के तैनात कर दिया गया। घर में किसी के आने और बाहर जाने की पूरी तरह से पाबंदी रही। इस दौरान दस्तावेजों की जांच करते हुए कुछ दस्तावेजों को ईडी की टीम ने अपने कब्जे में भी लिया। दूसरी ओर विधायक के घर ईडी के छापे की सूचना के बाद से विधायक के अन्य साझेदारों और समर्थकों में हलचल दिखाई दी। जानकारी अनुसार सोनीपत के कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार खनन कारोबारी भी हैं।



**सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार के आवास के बाहर ईडी की टीम और सुरक्षा कर्मी।



*फोटो : हरिभूमि*

### अनियमितताओं का लगाया गया था आरोप

राजस्थान के अलावा हरियाणा में यमुनानगर में भी उनका कारोबार है। यमुनानगर में खनन एक मामले में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था, जिसकी शिकायत ईडी को भी भेजी गई थी। यह मामला वर्ष 2013 से पहले का बताया जा रहा है। इसी मामले में ईडी ने गुरुवार को सोनीपत में विधायक के आवास व कार्यालय व अन्य ठिकानों पर ईडी के 15-20 अधिकारी 6 गाड़ियों से पहुंचे और छापेमारी शुरू कर दी। अधिकारियों के साथ केंद्रीय सुरक्षा बल के कुछ जवान भी थे, जो घर व कार्यालय के अलग-अलग हिस्सों में तैनात हो गए। छापेमारी के समय विधायक सुरेंद्र पंवार, उनकी पत्नी व बेटे के अलावा स्टाफ के सदस्य भी घर पर ही मौजूद थे। ईडी अधिकारियों ने सभी सदस्यों से उनके फोन ले लिए और जांच पूरी होने तक उनकी बाहर आवाजाही बंद कर दी। टीम ने मौके पर मिले अनेक दस्तावेज खंगाले और बहुत से दस्तावेज अपने कब्जे में भी ले लिए। इस दौरान कई दस्तावेजों के बारे में विधायक से पूछताछ भी की गई।

#### क्या भाजपा विधायकों के घर भी जाएगी ईडी

**सोनीपत।** कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार के घर पर हुई ईडी की रेड पर प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष सुरेंद्र पंवार ने प्रतिकिया दी है। देवेंद्र गौतम ने ईडी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये छापा राजनीति से प्रेरित होकर, विपक्ष को खत्म करने की मंशा के चलते सिर्फ विपक्षी नेताओं के दरवाजे पर ईडी दस्तक देती है। सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गौतम ने ईडी से सवाल किया है कि क्या कांग्रेस विधायक की जांच पूरी होने के बाद भाजपा सांसदों या विधायकों के दरवाजे पर दस्तक देने की हिम्मत करेगी?

### सुबह 7 बजे दी दस्तक

विधायक सुरेंद्र पंवार के घर ईडी की टीम सुबह तकरीबन 7 बजे पहुंच गई थी। इससे पहले टीम ने पास में ही मौजूद कांग्रेसी नेता सुरेश त्यागी के घर पर दस्तक दी थी। ईडी की टीम ने घर में मौजूद सदस्यों के फोन कब्जे में ले लिए, लेकिन कुछ देर बाद ही ईडी अधिकारियों को पता चला कि यह घर विधायक सुरेंद्र पंवार का नहीं है। पता चला है कि सुरेश त्यागी ने यह घर सुरेंद्र पंवार से ही खरीदा था, लेकिन बिजली व अन्य बिल अभी तक विधायक के परिवार के नाम से ही थे, जिसके कारण ईडी के अधिकारियों को दुविधा हुई। बाद में स्पष्ट होने के बाद ईडी की टीम सुरेश त्यागी के घर से लौट गई।

### कंपनी से हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

- क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र स्थित कंपनी से हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी में तैनात अधिकारी ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। फरीदाबाद हाल में मैक्स हाइट सेक्टर-61 निवासी मसूद हसन ने बताया कि वह मेकटेक प्रोसेस इंजीनियर प्राइवेट कंपनी में करीब 10 साल से नौकरी कर रहा है। वह कंपनी में हेड के तौर पर कार्यरत है। किसी ने कंपनी से ब्रांस कास्टिंग बुश के 20 पीस गायब मिले। जिनकी कीमत 70 हजार रुपये है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई नरेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## पटवारियों की हड़ताल, कानूनगो भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पे-ग्रेड बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे पटवारियों की हड़ताल में 20 कानूनगो भी शामिल हो गए। लगातार दूसरे दिन 79 पटवारियों के हड़ताल पर जाने के चलते पटवारखानों पर ताले लटके रहे। जिससे तहसील व राजस्व विभाग कार्यालय में 30 हजार से ज्यादा फाइलें लंबित हो गई है। सोनीपत रोड पर लघु सचिवालय परिसर में पटवारियों का धरना जारी रहा और कानूनगो भी हड़ताल कर धरना स्थल पर पहुंच गए। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार को जल्द पटवारियों व कानूनगो की मांगें मान लेनी चाहिए। पटवारखाने में कामकाज करवाने पहुंचे लोगों को काफी इंतजार करने के बाद वापस लौटना पड़ा। तहसील परिसरों में रजिस्ट्री प्रक्रिया जारी रही। जबकि जमाबंदी, इंतकाल, दस्तावेजों का सत्यापन व ऋण संबंधी कार्य अटके रहे। दो दिन से 31 हजार से ज्यादा फाइलें लंबित पड़ी है। पटवारखाने व तहसील परिसरों में आए लोगों को परेशानी हुई। दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान सन्नी दहिया ने कहा कि कानूनगो व पटवारी लंबे समय से पे-ग्रेड बढ़ाने, कानूनगो के सर्कल बढ़ाने और रिक्त सीटों को भरने के लिए पटवारी की भर्तियां निकालने की मांग कर रहे हैं। सरकार ने अब तक उनकी मांगों को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई है।

> 79 पटवारी और 20 कानूनगो रहे हड़ताल पर, 30 हजार फाइलें लंबित, लोग परेशान

### मांगें पूरी नहीं हुई तो बनाएंगे रणनीति

जिला प्रधान ने कहा कि सभी पटवारी व कानूनगो मांगों को लेकर 5 जनवरी तक लघु सचिवालय परिसर में ही धरना देंगे। सरकार ने इस समयावधि में उनकी मांगे पूरी नहीं की तो राज्य कार्यकारिणी के निर्देशानुसार आगामी रणनीति बनाई जाएगी। धरना स्थल पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान देशराज नैन और जिला क्लर्क बार एसोसिएशन के प्रधान अतर सिंह सरोहा ने समर्थन किया। इस दौरान युद्धवीर, संदीप धनखड़, रवि लाकड़ा, सुमित आंतिल समेत अन्य पटवारी मौजूद रहे।

## भ्रूण लिंग जांच का भंडाफोड़, दो युवक गिरफ्तार

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दिल्ली के नरेला में पकड़ा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली के नरेला में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भ्रूण लिंग जांच का भंडाफोड़ किया है। भ्रूण लिंग जांच कराने के बाद महिला के गर्भ में लड़का बताया और डिकॉय से 30 हजार रुपये लिए। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग सोनीपत व दिल्ली की संयुक्त टीम ने छापा मार कार्रवाई की। इस दौरान दोनों युवकों को दबोच कर पुलिस को सौंप दिया। पीसी पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. सुमित कौशिक ने बताया कि दिल्ली के नरेला में भ्रूण लिंग जांच की सूचना मिल रही थी। इस पर सिविल सर्जन की ओर से उनके नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद टीम ने एक डिकॉय तैयार किया और डिकॉय व नरेला दिल्ली के स्वतंत्र नगर निवासी अतुल व पुनीत के बीच भ्रूण लिंग जांच कराने के लिए 30 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। उन्होंने डिकॉय को नरेला के अलीपुर रोड पर बुलाया। इसके बाद सोनीपत से टीम डिकॉय को लेकर नरेला पहुंची और वहां अतुल ने डिकॉय को पुनीत के साथ अलीपुर रोड पर अल्ट्रासाउंड केंद्र में भेज दिया।

वहीं अतुल ने अल्ट्रासाउंड केंद्र के नजदीक टुटेजा नर्सिंग होम से नकली रेफरल पर्ची बनवाई और अल्ट्रासाउंड केंद्र में जाकर केंद्र संचालक को सौंप दिया। वहां पर डिकॉय का अल्ट्रासाउंड कराया। इसके बाद बाहर आने के बाद आरोपी अतुल व पुनीत ने महिला को उसके गर्भ में लड़का होने की जानकारी दी। उससे 30 हजार रुपये ले लिए। तुरंत कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग सोनीपत व नरेला की संयुक्त टीम ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिए और उनसे पूरी राशि बरामद कर ली। इसके बाद टीम ने अल्ट्रासाउंड केंद्र में जांच करने पर दस्तावेजों में कमी मिली। दोनों आरोपियों को नरेला थाना पुलिस को सौंप दिया और उसके खिलाफ शिकायत दी। फिलहाल नरेला थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। टीम में सोनीपत पीएनडीटी की नोडल अधिकारी डॉ. सुमित कौशिक, डॉ. सुभाष गहलावत, डॉ. सृष्टि सहायक मनोज व नरेला की टीम मौजूद रहीं।



**सोनीपत।** स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ गिरफ्तार किए आरोपी।

## नालों की सफाई को लेकर विधायक ने कर्मचारियों पर कसा शिकंजा

नपा अधिकारियों को मौका मुआयना करने के दिए निर्देश

- बेहतर सफाई से गंदे पानी की निकासी में होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांधी नगर में नालों की सफाई को लेकर विधायक निर्मल चौधरी ने नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों पर शिकंजा करते हुए आदेश दिया कि वे नालों की साफ सफाई करने में कोई कोताही ने बरते। अगर नालों की बेहतर तरीके से सफाई की जाए तो गंदे पानी की निकासी में कोई परेशानी नहीं आती और वहां रहने वाले लोगों को भी सुविधा होती है। आसपास के लोगों द्वारा नालों की सफाई के बारे में विधायक को अवगत कराने के बाद विधायक ने नगर पालिका के अधिकारियों को आदेश दिए कि समय-समय पर साफ सफाई को लेकर मौका मुआयना करें। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अगर इसके बाद भी नालों की सफाई से संबंधित कोई शिकायत उनके पास आती है तो उसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी मामले में अधिकारियों को अपनी व्यवस्था सुधारने का समय दिया है।





**गन्नौर।** गांधीनगर में नालों की सफाई को लेकर विधायक निर्मल चौधरी सफाई कर्मचारियों को आदेश देते हुए।

## मुक्केबाजी प्रतियोगिता में पदक विजेता सम्मानित

- गांव रिवाड़ा लौटने पर किया नागरिक अभिनंदन, विधायक इन्दुराज नरवाल पहुंचे आशीर्वाद देने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में मुक्केबाजी प्रतियोगिता में पदक विजेता गांव रिवाड़ा निवासी आयु मलिक का गांव लौटने पर भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया।

समारोह में बरोदा हलका के विधायक इन्दुराज नरवाल खिलाड़ी को सम्मानित करने पहुंचे। विधायक ने खिलाड़ी को अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 23 से 29 दिसंबर तक महाराष्ट्र में राष्ट्रीय स्कूल गेम्स आयोजित किए गए। इन खेलों में अंडर-14 आयु वर्ग की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ी आयु मलिक के मुक्के अपने सब प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़े। इस प्रतियोगिता में उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया।

इस खुशी में गांव लौटने पर बृहस्पतिवार को ग्रामीणों ने खुली जीप में बैठाकर उनका नागरिक अभिनंदन किया। इस मौके पर गांव के सरपंच आशीष और अनिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।



**गोहाना।** पदक विजेता खिलाड़ी को अपना आशीर्वाद देते हुए विधायक इन्दुराज नरवाल।

*फोटो : हरिभूमि*

### कड़ाके की ठंड के चलते लोग ठिठुरते दिखे, अलाव का लिया सहारा

# ठंडा रहा वीरवार, 5.4 डिग्री पर आया न्यूनतम तापमान

- अधिकतम तापमान में 3, न्यूनतम में 2.6 डिग्री की आई कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

इस बार की सर्दियों में वीरवार को सबसे ठंड दिन रहा। कड़ाके की सर्दी के बीच वीरवार को ना तो धूप निकली और ना ही कोहरा छाया। हवा की गति भी पांच किलोमीटर प्रति घंटा रही, जिसके कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक में कमी आई। भारी सर्दी के चलते जनजीवन प्रभावित रहा।

लोग दिन भर ठिठुरते दिखाई दिए। जिसके लिये जगह-जगह लोगों ने अलाव का सहारा लिया। न्यूनतम व अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान में 3 डिग्री तो न्यूनतम तापमान में 2.6 डिग्री की कमी दर्ज की गई है। 5.4 डिग्री सेल्सियम के तापमान के साथ वीरवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

दूसरी ओर ठंड के बढ़ने की वजह से किसानों को फायदे की उम्मीद हो रही है, क्योंकि ठंड के चलते गेहूं की फसल पर अच्छा असर पड़ रहा है। पहाड़ों में बर्फबारी से मैदानी क्षेत्रों में शीतलहर तेज हो गई है। ऐसे में तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। वीरवार को हवाओं की दिशा में भी परिवर्तन हुआ है और पूर्वी हवाएं चलनी शुरू हो गई है। वातावरण में नमी बढ़ गई है। ऐसे में वीरवार को ग्रामीण क्षेत्र में हल्का कोहरा भी रहा। दिनभर सूर्य नहीं निकलने से लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा। दिनभर 5 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से शीतलहर चली।

> **सप्ताह भर तक झेलनी पड़ सकती है भठंड**
>
> राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कोल्ड डे की स्थितियां बनी हुई है। न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री पर आ गया है। सप्ताह भर तक लोगों को कड़ाके की ठंड झेलनी पड़ सकती है। इसके बाद तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज हो सकती है। पूर्वी हवाएं चलनी शुरू हुई है। इससे वातावरण में नमी अधिक बढ़ेगी। ठंड से कृषि क्षेत्र को फायदा है।
>
> - **डॉ. प्रेमदीप**, कृषि वैज्ञानिक, केवीके सोनीपत।

### बाजारों में ग्राहकों की भीड़ रही कम

बाजारों में लोगों की भीड़ कम रही। जगह-जगह पर लोग आग जलाकर ठंड से बचने का प्रयास करते नजर आए। शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में तापमान कम रहा।

सुबह कोहरा भी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रहा। हालांकि दृश्यता 200 मीटर तक रही। ऐसे में वाहन चालकों को अधिक परेशानी नहीं हुई। हवा चलने से वायु गुणवत्ता सूचकांक 232 दर्ज किया गया। एक दिन पहले यह 248 दर्ज किया गया था। सुबह से रात तक लोग ठंड से कापते रहे। अधिकतम तापमान 10.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को अधिकतम तापमान 13.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### बढ़ती ठंड गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद

ठंड बढ़ने से किसानों के चेहरे खिल गए है। उन्हें गेहूं की बेहतर उपज मिलने की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि अब तक तापमान ज्यादा बना हुआ था। जिससे उन्हें दिक्कत हो रही थी। अब तापमान में गिरावट आने से गेहूं की बढ़वार बेहतर हो सकेगी।

## विवि प्रबंधन के खिलाफ कर्मचारी लामबंद

- भेदभावपूर्ण नीतियां बनाने का आरोप लगाकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी एम्पलाइज यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि विवि प्रशासन द्वारा टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ के लिए भेदभावपूर्ण नीतियों बनाई जा रही हैं, जिसके खिलाफ कर्मचारी लामबंद हुए हैं, जबकि हरियाणा सरकार एवं हरियाणा के अन्य किसी भी विश्वविद्यालय में इस प्रकार की भेदभाव पूर्ण नीतियों लागू नहीं है। विवि प्रशासन द्वारा उपस्थिति रजिस्टर को लेकर दोनों वर्गों में भेदभाव किया जा रहा है जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। वीरवार को सभी कर्मचारियों ने दो घंटे का धरना दिया व वि.वि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। विवि प्रशासन द्वारा धरने के सन्दर्भ में एक चेतवानी भरा पत्र जारी किया गया, जिसमे धरने के समय को लेकर तुगलकी फरमान था। जिससे कर्मचारियों का रोष और भी बढ़ गया। धरने पर सीटू व एसकेएस के नेता आनंद शर्मा ने भी शिरकत की व कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया। धरने में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को भी कर्मचारियों का शांतिपूर्ण धरना जारी रहेगा। धरना स्थल पर प्रवेश त्यागी, जसबीर, राजेश, नीरज, आनंद कुमार, राज सिंह, भूपेंदर, सत्यपाल बेनीवाल, सरिता, मधुबाला, श्यामसुंदर, सत्यवान, हरबंस, नवीन आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** विवि में नारेबाजी करते हुए कर्मचारी।

रोचक / प्रत्यूष शर्मा



बच्चों, अगर तुम विंटर वेकेशन पर अपनी फैमिली के साथ कहीं स्नोफॉल वाले इलाके में जाने का प्लान कर रहे हो तो कुछ क्रिएटिव-मजेदार आउटडोर गेम्स और एक्टिविटीज के बारे में जरूर जान लो, ताकि वहां जाकर इन्हें एंज्वॉय करो।

# विंटर वेकेशन में करो फन इन आउटडोर एक्टिविटीज संग

बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर फैमिली के साथ मजे करने के लिए आउटडोर एक्टिविटीज एक बहुत मजेदार ऑप्शन है। यहां हम तुम्हें कुछ एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जो विंटर वेकेशन का मजा दोगुना कर देंगी।

### स्नोमैन या स्नो एनिमल्स

बर्फबारी वाले इलाके में फैमिली के साथ जमीन पर पड़ी बर्फ से स्नोमैन बनाने से बेहतर यादगार लम्हा कुछ और नहीं हो सकता। बच्चों, अगर तुम इस एक्टिविटी में क्रिएटिव बदलाव लाना चाहते हो तो स्नोमैन के बजाय अपने किसी फेवरेट एनिमल जैसे- भालू, बिल्ली, कुत्ता, पेंगुइन की आकृति भी बना सकते हो। इन्हें देखकर बहुत मजा आएगा।

### आइस स्केटिंग

विंटर में जहां बर्फबारी होती है या तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस के नीचे रहता है। वहां आउटडोर एक्टिविटीज में आइस स्केटिंग सबसे



मजेदार खेल है। आइस स्केटिंग आउटडोर रिंक (एक निर्धारित आइस कोर्ट) पर करते हैं। अधिकांश रिंक में बड़ों के साथ कम उम्र के बच्चों के लिए भी आइस स्केट्स उपलब्ध होती हैं। यहां बच्चों एक बात का ध्यान रखना कि आइस स्केटिंग करते समय अपने सिर और अंगुलियों की सुरक्षा के लिए हेलमेट और मोटे दस्तानें जरूर पहन लेना।

### स्कीइंग-स्नो बोर्डिंग गेम्स

बच्चों, स्कीइंग और स्नो बोर्डिंग बहुत मजेदार गेम्स हैं। बर्फबारी वाली पहाड़ी पर ये दोनों गेम खेलने में बहुत मजा आता है। बच्चों के लिए भी स्कीइंग और स्नोबोर्ड के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। अगर तुम स्कीइंग में नए हो तो वहां पर तुम्हें स्की ट्रेनर भी मिल जाएगा। एक बार जब तुम स्कीइंग या स्नोबोर्ड चलाना सीख जाओगे तो इसमें बहुत मजा आएगा।



### रंगीन बर्फ के गोले

बच्चों, स्नोफॉल होने पर तुम रंग-बिरंगे बर्फ के गोले बना सकते हो। इसके लिए जमीन पर गिरी बर्फ को इकट्ठा करके थोड़ा गर्म करके पिघला लो। पानी ठंडा होने पर गुब्बारे में भर लो, इसी के साथ तुम खाने में उपयोग किए जाने वाले रंग की कुछ बूंदें भी इसमें मिला सकते हो। इसके बाद रंगीन पानी के गुब्बारों को घर के बाहर पड़ी बर्फ में डालकर ऊपर से बर्फ से ढंक दो, इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दो। एक बार रंगीन पानी जम जाने पर, गुब्बारों को



फोड़ो। अब तुम्हारे पास अपनी पसंद के रंगों के सुंदर बर्फ के गोले होंगे। इन्हें सजाने के लिए या खेलने के लिए बाहर ले जा सकते हो।

### बर्फ का महल

बच्चों, गर्मियों में रेत के महल तो तुमने खूब बनाए होंगे, विंटर में बर्फ का महल बनाना भी बहुत मजेदार एक्टिविटी है। रेत के महल बनाने के उपकरण जैसे कप, कटोरे, फावड़े आदि की जरूरत होती है, बर्फ के महल के लिए भी इन उपकरणों की जरूरत होगी। इनकी मदद से अपने भाई-बहन और पैरेंट्स के साथ बर्फ का महल बनाओ फिर इसे पेड़ के पत्तों से सजाओ। महल को अनोखा बनाने के लिए इसमें थोड़ा रंगीन पानी भी डाल सकते हो। *



### पेट के लिए बनाओ स्पेशल स्नो केक



**केक किस** को पसंद नहीं होता, हर किसी को केक पसंद होता है, यहां तक कि पेट एनिमल्स को भी। बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर तुम अपने पेट के लिए स्नो केक बना सकते हो। जमीन पर एक बड़ा स्नो केक बनाने के लिए बर्फ का उपयोग करो। अपने एनिमल की फेवरेट चीजों को बर्फ के ऊपर सजा सकते हो। तुम्हारा पेट एनिमल स्नो केक देखकर बहुत खुश हो जाएगा। *

# माउंट एवरेस्ट के ऊपर उड़ने वाला बार-हेडिड गूज

अनोखा पक्षी



बच्चों, इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तुम्हें सुबह-सुबह रजाई से बाहर आने में बहुत आलस आता होगा। जरा-सा ठंडा पानी शरीर पर लग जाए तो पूरे शरीर में कंपकंपी होने लगती होगी। दुनिया में एक ऐसा पक्षी है, जो ऐसी कड़ाके की ठंड में हिमालय पर्वत श्रृंखला के ऊपर आसानी से उड़ान भर लेता है। इस अनोखे पक्षी का नाम बार-हेडिड गूज है। यह हंस की एक प्रजाति है, जिसे अपने देश में राजहंस कहा जाता है।

बच्चों, बार-हेडिड गूज प्रजाति बांग्लादेश, भूटान, चीन, अफगानिस्तान, भारत, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, थाईलैंड और वियतनाम देशों में पाई जाती है। यह प्रजाति सर्दी के मौसम में भारत की ओर प्रवास करती है। इस दौरान यह पक्षी हिमालय पर्वत श्रृंखला को पार करता है। यह औसतन 20,000 फीट तक की ऊंचाई पर उड़ान भरता है। इसलिए बार-हेडिड गूज का नाम दुनिया में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर उड़ने वाले पक्षियों में शामिल है। उड़ान भरने के दौरान जब यह हिमालय के मध्य से उड़ान भरता है तो हवा की गति 322 किमी. प्रति घंटा होती है। जानकारों के अनुसार पर्वतारोहियों ने बार-हेडिड गूज को माउंट एवरेस्ट की चोटी के ऊपर से उड़ान भरते हुए देखा है, यह ऊंचाई करीब 30,000 हजार फीट से अधिक होगी। इसके अलावा बार-हेडिड गूज लगातार लंबी दूरी तक की उड़ान भरने में सक्षम है। कहा जाता है कि यह पक्षी एक ही दिन में बिना रुके 1,000 मील यानी करीब 1,609 किमी. की दूरी तय कर सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसकी वजह इस पक्षी के शक्तिशाली पंख होते हैं। साथ ही इस पक्षी की रक्त कोशिकाओं में एक विशेष प्रकार का प्रोटीन पाया जाता है, जो काफी ऊंचाई पर भी ऑक्सीजन को बहुत जल्दी अवशोषित करने में मदद करता है। इसलिए यह हिमालय पर्वत श्रृंखला को आराम से पार कर लेता है। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

## बूझो तो जानें



1
मूंग नहीं लेकिन फली निराली,
जाड़ों की मेवा कहलाती।
बड़े स्वाद से मुझको खाते
तन में सबके शक्ति बढ़ाती।।

2
नन्हा हूं लेकिन शक्ति बढ़ाता,
सफेद, काला दो रंग में आता।
गजक, लड्डू बनते हैं मुझसे,
सर्दी लगने से मैं हूं बचाता।

3
किश और मिश में नाम छिपा है,
बड़ी मुलायम शक्ति वाली।
बच्चे-बूढ़े सबको मैं भाऊं,
खीर का स्वाद बढ़ाने वाली।।

4
तन मेरा है बड़ा कठोर,
तोड़ो तो मस्तक-सा चित्र।
जो खाता मेरे फल को,
शक्ति दूं मैं सच्चा मित्र।।


-डॉ. राकेश चक्र



उत्तर- 1-मूंगफली, 2-तिल, 3-किशमिश, 4-अखरोट

कविता / इंद्रजीत कौशिक

## रजाई



जब से देखो सर्दी आई
मुझको भाने लगी रजाई।
जब इसमें घुस जाता हूं,
बाहर नहीं फिर आता हूं।
नींद बहुत प्यारी आती,
आंख सुबह ही खुल पाती।
अच्छे-अच्छे सपने आते,
सपने में ही हलुवा खाते।
मम्मी आकर मुझे जगाती,
शाला की फिर याद दिलाती।
हर रोज बस यही कहानी,
नहीं रजाई का कोई सानी।



## जीके क्विज-86

1. मध्य प्रदेश का उज्जैन जिला किस नदी के तट पर बसा है?
2. देश में सबसे बड़े आकार वाली वीणा प्रतिमा कहां स्थापित की गई है?
3. भारत का एक राज्य, जो कभी भी अंग्रेजों का गुलाम नहीं हुआ था?
4. हाल में वित्त आयोग का नया अध्यक्ष किसे बनाया गया?
5. विश्व वन दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत के किस राज्य को 'कोयले का भंडार' कहा जाता है?
7. भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला का क्या नाम है?
8. महात्मा गांधी से पहले भारतीय नोट पर किसकी तस्वीर छपती थी?
9. कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है?
10. टी-20 मैच की एक पारी में कितने ओवर खेले जाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-86 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-85 का उत्तर :** 1-विष्णुदेव साय, 2-डॉ. मोहन यादव, 3-वृंदा घनश्याम राठी, 4-88, 5-मछली, 6-इलायची, 7-ताजमहल, 8-सरदार वल्लभभाई पटेल, 9-शतरंज, 10-3,600 सेकेंड


**जीके क्विज-85 का सही उत्तर देने वाले :** पूर्वी-दुर्ग, आकांक्षा-अहमदाबाद, रौनक-जांजगीर, ईशान-अहमदाबाद, आदित्य-धमतरी, अयान-भिलाई, गीतेश-रायपुर, दुर्गेश-बालोद, किशन-धमतरी, कृष-अनुपपूर, चेतन-बालोद,

कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

# अनोखी खुशी

स्कूल जाते समय शशांक जब सर्दी में एक भिखारी को ठंड से कांपता देखता तो उसको भिखारी पर बहुत दया आती। शशांक ने भिखारी की मदद करने की सोची। जब उसने अपने पापा-मम्मी से यह बात कही तो वे बोले, 'दुनिया में बहुत सारे गरीब-दुखियारे हैं, किस-किस की मदद करोगे?' लेकिन शशांक माना नहीं, उसने जो किया, उससे उसे ही नहीं, मम्मी-पापा को भी अनोखी खुशी मिली।




सुबह स्कूल जाते समय बस की खिड़की से शशांक एक भिखारी को सड़क किनारे भीख मांगते हुए देखता था। उस भिखारी के कपड़े मैले-कुचैले और फटे-पुराने होते थे। वह सर्दी से ठिठुरता रहता था। उसकी एक टांग भी घुटने से नीचे कटी हुई थी। भिखारी को देखकर शशांक को उस पर दया आती। उसका मन करता कि भिखारी की कोई मदद करे।

एक दिन रात के समय खाना खाने के दौरान शशांक ने मम्मी-पापा को उस भिखारी के बारे में बताया। उसने यह भी कहा कि उस भिखारी को सर्दी से बचाने के लिए हमें कुछ करना चाहिए।

शशांक की बात सुनकर पापा बोले, 'बेटा, दुनिया में ना जाने कितने गरीब-दुखियारे हैं। हम किस-किस की मदद करेंगे?' बीच में मम्मी भी बोलीं, 'दूसरे लोग भी तो उस भिखारी को देखते होंगे, कोई और कर देगा मदद।'

लेकिन शशांक पर मम्मी-पापा की बात का कोई असर नहीं हुआ, वह बोला, 'मम्मी-पापा, सर्दी के इस मौसम में उसे कितनी मुश्किल होती होगी। आप उसे देखेंगे तो आपको भी उस पर बहुत दया आएगी।'

थोड़ी देर की बातचीत के बाद अंत में यही तय हुआ कि आने वाले रविवार को पापा शशांक को साथ लेकर उस भिखारी को देखने जाएंगे। रविवार को जब पापा और शशांक उस जगह पहुंचे, जहां वह भिखारी बैठकर भीख मांगता था, वहां पर नहीं था। आस-पास के लोगों से पूछने पर पता चला कि वह आज भीख मांगने नहीं आया है। यह भी मालूम हुआ कि वह पास की गली में कहीं रहता है।

पापा और शशांक उस भिखारी को ढूंढ़ते हुए उसके पास पहुंचे तो पता चला कि सर्दी लग जाने के कारण उसे बुखार था। इसी कारण वह भीख मांगने नहीं गया। पापा को भी उस भिखारी को देखकर दया आई। कुछ देर बाद पापा और शशांक घर लौट आए। उन्होंने मम्मी को भी भिखारी की स्थिति के बारे में बताया। मम्मी को भी उस पर बहुत तरस आया। मम्मी-पापा ने उस भिखारी की मदद करनी चाही, लेकिन यह समझ नहीं आ रहा था कि मदद की कैसे जाए? तभी शशांक बोला, 'पापा, यह दीवार पर आपकी जो फोटो लगी है, उसमें आपने बंद गले का कोट पहना हुआ है, लेकिन अब आप यह कोट पहनते नहीं। पापा, यह कोट कहां है?' 'शशांक, यह कोट बहुत पुराना हो गया था, इसलिए उसे पहनना बंद कर दिया। वह कोट किसी अटैची में ही बंद रखा है।' पापा ने बताया।

यह सुनते ही शशांक बोला, 'पापा, क्यों न यही कोट उस भिखारी को दे दिया जाए, वह ठंड से बच जाएगा।'

शशांक की बात मम्मी-पापा को पसंद आई।

तभी मम्मी को कुछ याद आया और वह बोलीं, 'एक गर्म जुराब भी पड़ी है, लेकिन सिर्फ एक पैर की। इसके साथ की दूसरी जुराब ना जाने कहां गुम गई थी। वह जुराब भी हम उस भिखारी को दे सकते हैं।'

यह सुनकर शशांक उत्साह से भर उठा, बोला, 'पापा, आज शाम को ही चलते हैं, उस भिखारी को कोट और जुराब देने!'

शाम को जब पापा और शशांक उस भिखारी के पास जाने लगे, तो मम्मी ने उस भिखारी के लिए गर्म खाना भी पैक करके दे दिया। साथ ही यह भी कहा कि उसे गर्म चाय भी पिला देना। पापा ने बुखार के लिए दवाई भी रख ली।

भिखारी को सारा सामान देकर कुछ देर बाद शशांक जब पापा के साथ वापस घर आया तो बहुत खुश था। साथ में मम्मी-पापा को भी एक अनोखी खुशी-सी महसूस हो रही थी। अगले दिन शशांक के स्कूल की छुट्टी थी। मंगलवार को जब वह स्कूल जा रहा था तो उसने बस की खिड़की से देखा, वही भिखारी उसके पापा का बंद गले का कोट पहन कर सड़क किनारे बैठा भीख मांग रहा था। उसने बाएं पैर में वही गर्म जुराब भी पहनी हुई थी। यह सब देख शशांक को एक बार फिर से बहुत खुशी हुई। *

जंतु-जगत / अशोक जोशी

# सर्दियों में शीतनिद्रा में चले जाते हैं भालू

बच्चों, भालू सर्दियों के दौरान शीतनिद्रा में चले जाते हैं। इसे जीव विज्ञान की भाषा में हाइबरनेशन कहा जाता है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि भालू पूरी सर्दी में बस सोते ही रहते हैं। भालुओं के लिए शीतनिद्रा का मतलब है कि उन्हें खाने या पानी पीने की जरूरत नहीं होती है। उन्हें शौच करने की जरूरत भी बहुत कम या बिल्कुल नहीं होती है। यदि भोजन बहुत कम या बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं है, तो सर्दियों के दौरान भालुओं को अपनी मांद में रहना पड़ता है।



बच्चों, अलास्का (जहां सर्दी बहुत ज्यादा पड़ती है) में भालू साल के लगभग सात महीने शीतनिद्रा में रहते हैं। गर्म, तटीय क्षेत्रों में यह समय दो से पांच महीने का होता है। नवजात शावकों को पालने वाले भालुओं के लिए शीतनिद्रा का समय लंबा होता है।

भोजन और पानी के बिना लंबे समय तक जीवित रहने के लिए भालुओं में अनुकूलन विशेषताएं यानी एडाप्टेशन क्वालिटीज डेवलप हो जाती हैं। भालू अपने शरीर का तापमान 8 से 12 डिग्री सेल्सियस कम कर लेते हैं, और ऊर्जा के लिए शरीर में संरक्षित वसा भंडार (फैट स्टोरेज) को तोड़ देते हैं। इसके लिए वो शरीर में स्टोर एक्स्ट्रा प्रोटीन का भी उपयोग करते हैं। अपने शरीर में गर्मी को बेहतर ढंग से बचाए रखने के लिए भालू अपना स्थान बदलते रहते हैं।

बच्चों, तुमने चिड़ियाघर में सर्दी के मौसम में भालुओं को देखा होगा। वहां भालू के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित किया जाता है। भालू को अपना भोजन ढूंढ़ने बाहर नहीं जाना पड़ता है। सर्दियों के दौरान उनकी गति धीमी हो जाती है, वे सामान्य से अधिक समय तक सोते हैं। कुछ चिड़ियाघर के भालुओं को साल भर खाना खिलाया जाता है, इसलिए वे शीतनिद्रा में नहीं जाते हैं। वहीं, कुछ चिड़ियाघरों में भालुओं को प्रकृति के अनुकूल बनाए रखने के लिए सर्दियों में लंबे समय तक सोने दिए जाता है, ताकि वो स्वस्थ्य रहें और उनका वजन ज्यादा ना बढ़े। *

## रंग भरो-141

**रंग भरो-141** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, धमतरी



सौम्य, बालोद



समृद्धि, शहडोल



पूनम, बिलासपुर



रुकमणी, कबीरधाम



ईशानी, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रेयांश-बिलासपुर, आयुषी-सक्ती, मीनू-महेंद्रगढ़, जितेंद्र-रोहतक, माही-गुना, हार्दिक-बिलासपुर, हंसराज-कोरबा, कार्तिक-दिल्ली, खुशी-रायपुर, चंपक-भोपाल, कविता-जबलपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, विभा-रोहतक, तानिया-महासमुंद, गगन-भोपाल

## रंग भरो 142





बच्चों, यहां पर एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें एक बच्चा अपने डॉगी को खाना खिला रहा है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बर्फ के गोले के साथ खेलती एक बच्ची का चित्र दिया गया है। चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो बच्ची के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।






उत्तर : ई

## खबर संक्षेप

### नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को पूर्व मंत्री ने दी बधाई



**राई।** पूर्व मंत्री कृष्ण गहलावत। ने अपने आवास पर भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा को बधाई देते शोल देकर सम्मान किया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने भाजपा युवाओं को संबोधित करते कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे और युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ेंगे । उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग की सच्ची हितेषी है। केंद्र व प्रदेश सरकार ने गरीब व आम वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए उनको घर द्वार पर ही सुविधाओं का लाभ देने के लिए संकल्प यात्रा के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है ।

### टीकोला व गढ़ी में बुजुर्गों को गर्म चादर वितरित की



**राई।** गांव टीकोला व गढ़ी में पूर्व मंत्री व हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड की पूर्व चेयरपर्सन कृष्णा गहलावत ने बुजुर्गों को गर्म चादर वितरित की। गहलावत ने कहा कि सर्दी का मौसम बुजुर्गों के लिए काफी भारी होता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को जब ज्यादा ही जरूरी हो तो घर से बाहर निकलना चाहिए। कृष्णा गहलावत ने करीब 100 व्यक्तियों को गर्म चादर वितरित की। बुजुर्गों ने कृष्णा गहलावत को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर सरपंच सुभाष, सुंदर त्यागी, सतबीर, सुरेश त्यागी, सूरजभान, राहुल, धर्मबीर आदि उपस्थित थे।

### गांव निरथान में धूमधाम से निकाली कलश यात्रा



**खरखौदा।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या नगरी से आए अक्षत कलश की प्रभात फेरी विधानसभा क्षेत्र खरखौदा के गांव निरथान में धूमधाम से निकाली गई। फिर कलश को गांव के शिव मंदिर में स्थापित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने राम के भक्ति गीतों पर नृत्य किया और जय श्री राम के नारे लगाए। अक्षत कलश शोभायात्रा में ग्राम वासियों उत्साह देखते ही बनता था। साई इंस्टीट्यूट, खरखौदा संचालक सुधीर स्वामी ने अयोध्या के भव्य राम मंदिर के बारे में जानकारी दी।

### समचाना में दो लोगों के खाते से एक लाख निकाले

**सांपला।** समचाना गांव के दो लोगों के खाते से अज्ञात ठगों ने करीब एक लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। भारती ने शिकायत में बताया कि उसके पास एक युवक का फोन आया। उसने कहा कि उसके पति ने 10000 देने को कहा है क्योंकि उन्हें बहुत जरूरत है। वह उसके पास पहुंचाएगा। महिला ने युवक की बातों में आकर रुपये भेज दिए। इसी तरह उधम के क्रेडिट कार्ड से अज्ञात लोगों ने तीन बार में करीब 89888 रुपए निकाल लिए।

# छुट्टियों में लगेंगे पांच दिन शिविर, 5-5 हजार रुपये की राशि जारी

## खंड स्तर पर 41 प्राथमिक और 44 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों का किया चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शीतकालीन अवकाश के दौरान राजकीय विद्यालयों में पांच दिवसीय शिविर लगाए जाएंगें। विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों में पारंगत करने के लिये इन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिये शिक्षा विभाग की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। इसके लिए खंड स्तर पर स्कूलों का चयन किया गया है। जिनमें विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों के साथ अंग्रेजी व हिंदी भाषा बोलने में पारंगत बनाने के लिए विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे। आठ जनवरी से शुरू होने वाले शिविर में प्रतिदिन साढ़े तीन घंटे प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का समापन 12 जनवरी को होगा।

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने जिले के 85 स्कूलों में कौशल विकास शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। इनमें 41 प्राथमिक और 44 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चिह्नित किए गए हैं। इन स्कूलों में विद्यार्थियों को प्रगतिशील एवं जैविक खेती, बागवानी, बैंकिंग, ब्यूटी एंड वेलनेस, हेल्थ केयर एवं आईटी की जानकारी दी जाएगी। परिषद की तरफ से अधिकारियों को स्कूलों में शिविर लगाकर इन गतिविधियों को करवाने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी पहुंचेंगे और विद्यार्थियों को संबंधित जानकारियां प्रदान करेंगे। सभी गतिविधियां व्यक्तिगत व सामूहिक होगी। स्कूलों में प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

### बजट जारी किया

जिले के 85 राजकीय स्कूलों में पांच दिवसीय शिविर लगाए जाएंगे। जिनमें विद्यार्थियों का कौशल विकास किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी आएंगे और विद्यार्थियों को तकनीकी जानकारियां देंगे। शिविर लगाकर विभिन्न गतिविधियां करवाने के लिए सभी स्कूलों को पांच-पांच हजार रुपये का बजट जारी किया गया है। *रूपेंद्र पूनिया, सहायक परियोजना समन्वयक, सोनीपत।*

कहां कितने स्कूलों में प्रतियोगिताएं

| खंड | प्रा स्कूल | वमावि |
|---|---|---|
| सोनीपत | 09 | 08 |
| राई | 07 | 06 |
| गन्नौर | 06 | 06 |
| खरखौदा | 06 | 06 |
| गोहाना | 06 | 06 |
| मुडलाना | 05 | 06 |
| कथूरा | 02 | 06 |
| कुल | 41 | 44 |

### कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थी किए शामिल

शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को दो भागों में विभाजित किया गया है। इनमें पहले वर्ग में कक्षा छह से आठ और दूसरे वर्ग में नौवीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। दोनों वर्गों से 50- 50 विद्यार्थी शामिल किए जाएंगे।

स्कूल मुखिया को प्रत्येक वर्ग के विद्यार्थियों को इसमें शामिल करना होगा। शिविर में विद्यार्थियों को आधुनिक खेती के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। चिकित्सक जहां एनीमिया की जानकारी देंगे, वहीं डाक विभाग के अधिकारी पोस्टल सर्विस व बैंक में खाता खोलना सिखाएंगे।

### मुख्यालय भेजनी होंगी फोटो

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने स्कूलों में लगाए जाने वाले शिविर के लिए 4.25 लाख रुपये का बजट जारी किया है। इसमें से प्रत्येक स्कूल को विभिन्न गतिविधियां करवाने के लिए पांच-पांच हजार रुपये जारी किए हैं। स्कूलों को सभी गतिविधियों के फोटो मुख्यालय भेजने होंगे। शिविर की मानिटरिंग करने के लिए सहायक परियोजना समन्वयक की ड्यूटी लगाई गई है। यदि कोई स्कूल गतिविधियां नहीं कराता है तो उससे जवाब मांगा जाएगा।

## झारखंड में 46 वीं सीनियर व 31वीं सब जूनियर नेशनल थ्रोबॉल चैंपियनशिप

# प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण पदकों पर जमाया कब्जा

### जतिन व कुशल पहले भी नेशनल चैंपियनशिप में पदक जीत चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

46 वीं सीनियर व 31वीं सब जूनियर नेशनल थ्रोबॉल चैम्पियनशिप रांची, झारखंड में आयोजित हुई। जिसमें प्रताप स्कूल खरखौदा के सुमित व कुशल ने सीनियर वर्ग में तथा नमन व जतिन ने सब जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश व अपने स्कूल का नाम रोशन किया। विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय प्रागंण में पहुंचने पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्रबंधक सतप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया व थ्रोबॉल कोच रिंकू ने स्वागत किया। थ्रोबॉल कोच रिंकू ने बताया कि जतिन व कुशल इससे पहले भी नेशनल चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि विद्यालय छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों की डाइट को ध्यान में रखते प्रताप फॉर्म में जैविक खाद द्वारा अनाज, सब्जियों का प्रबंध किया गया है। साथ ही साथ अपनी ही दुग्ध डेयरी से शुद्ध एवं पौष्टिक दूध, दही, पनीर का प्रबंध विद्यार्थियों के लिए किया जाता है। विद्यालय की अपनी 550 गाय-भैसों की दुग्ध डेयरी है। खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय अपनी कठोर मेहनत, कुशल प्रशिक्षण व स्कूल में मिलने वाली अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को दिया।



**खरखौदा।** खिलाड़ियों का स्वागत करते प्रताप स्कूल प्रबंधन। *फोटो :हरिभूमि*



**गोहाना।** पदक विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य वीरेंद्र मलिक।

### खेल प्रशिक्षकों को किया सम्मानित



**सोनीपत।** श्री राम मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत में सोनीपत स्पोर्ट्स कोच अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कोच दुष्यंत सैनी एवं मोनू सैनी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्रोणाचार्य एवं अर्जुन अवार्डी प्रीतम सिवाच व डॉ. अरविन्द चितोड़िया कारागार पर्यवेक्षक उप्र एवं अध्यक्ष भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद एवं साथ ही अनिल दूल एचसीएसई अध्यक्ष एशियाई गोल्ड मेडलिस्ट एवं हरियाणा सचिव मान सिंह रहे। वही विशिष्ट अतिथियो में रविंद्र सरोहा, विकास मुंजल, प्रियंका मुंजल शामिल रहे। संचालन दुष्यंत सैनी व स्वागत मोनू सैनी ने किया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की शहर के खेल प्रशिक्षकों को ट्रॉफी एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोच सुरजीत, कुलदीप, जोगेंद्र त्यागी, कपिल, हरेंद्र, दीपक, नवीन, रितु, मनजीत, जितेंद्र, रविंद्र, राकेश, रजनी, प्रीति सैनी उपस्थित रहे।

### नालंदा स्कूल ने जीते 6 स्वर्ण और 4 रजत पदक

**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की रोलर स्केटिंग बास्केटबॉल चैंपियनशिप में 6 स्वर्ण सहित दस पदक हासिल किए। स्कूल के खिलाड़ियों ने इस चैंपियनशिप में 3 आयु वर्ग अंडर-11, अंडर-14 और अंडर-19 आयु वर्ग में हरियाणा प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। चैंपियनशिप के अंडर-11 आयु वर्ग में स्कूल के खिलाड़ी मेहुल, मयंक और हार्दिक, अंडर-14 आयु वर्ग में विदित, आदित्य नरवाल और सुशांत ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इन आयु वर्गों में हरियाणा प्रदेश की टीम प्रथम स्थान पर रही। अंडर-19 आयु वर्ग में स्कूल के खिलाड़ी कार्तिक सोनी, वंश खासा, मयंक कुंडू और दक्ष मलिक ने रजत पदक हासिल किया। इस आयु वर्ग में हरियाणा प्रदेश की टीम दूसरे स्थान पर रही। पदक विजेता विद्यार्थियों को स्कूल की एमडी रीना मलिक और प्राचार्य वीरेंद्र मलिक ने सम्मानित किया।



**खरखौदा।** हाईवा चोरी होने की जानकारी देते हाईवा मलिक मुकेश राणा व अन्य।

# खरखौदा बस स्टैंड पार्किंग से कस्टडी में खड़ा हाईवा गायब

- एक माह पहले माइनिंग के आरोप में एनफोर्समेंट ब्रांच ने किया था जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

करीब एक महीने पहले जटोला हलालपुर मार्ग के पास माइनिंग के आरोप में एक हाईवा को एनफोर्समेंट ब्रांच ने जब्त किया गया था। हाईवा का चालान काटकर खरखौदा बस स्टैंड में पार्किंग के तौर पर खड़ा किया था। अब वहां से हाईवा गायब चुका है। हाईवा मलिक मुकेश राणा को सूचना मिली तो वह खरखौदा बस स्टैंड में पहुंचे और डायल 112 पर पुलिस को सूचित किया। हाईवा मालिक का कहना है कि वाहन जब्त किए जाने के बाद पुलिस ने उनसे चाबी ले ली थी और उसके हाईवा को खरखौदा के बस स्टैंड में खड़ा कर दिया गया था। जिसकी जिम्मेदारी हरियाणा परिवहन विभाग को दी गई थी। लेकिन अब उनका हाईवा वहां से चोरी हो चुका है। वह अपने हाईवा की चोरी होने के मामले में आवश्यक कार्रवाई में जुटे हैं। गुरुवार को न्यायालय में मामले की सुनवाई भी थी। लेकिन अब उन्हें अगली तारीख मिली है। पीड़ित का कहना है कि हाईवा में जीपीएस सिस्टम भी लगा हुआ है। उन्होंने जांच में पाया है कि रामपुर गांव तक जीपीएस ऑन रहा है। इसके बाद शायद चोरों ने उसका जीपीएस सिस्टम ही उखाड़ फेंका होगा। जिसके कारण अब उसकी कोई डिटेल सामने नहीं आ रही है। पुलिस भी उनका सहयोग नहीं कर रही है। थाना प्रभारी सुनील कुमार से इस बारे में बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की फिलहाल जांच की जा रही है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को यह सूचना दी गई थी। इसके बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पीड़ित के अनुसार खरखौदा बस अड्डा इंचार्ज ने घटना की सूचना विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी है। अब जैसे आगे से आदेश आएंगे ,उसी हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

### हाईवा को पकड़ा था

टीम ने माइनिंग टीम के संयुक्त तत्वावधान में कार्रवाई करते हुए अवैध माइनिंग के आरोप में हाईवा को पकड़ा था और उसे जब्त करके खरखौदा बस स्टैंड में खड़ा कराया था। जिसकी जिम्मेवारी अड्डा इंचार्ज व पुलिस को सौंपी गई थी। आगे की कार्रवाई पुलिस व परिवहन विभाग की बनती है। *जनक सिंह, एसएचओ, एनफोर्समेंट ब्रांच सोनीपत।*

# 191 लोगों की आंखें-दांत जांचे

- नि :शुल्क नेत्र जांच, ऑपरेशन दंत जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

लाला जय नारायण धर्मशाला में ठाकुर जी की रसोई, युवा शक्ति क्लब व महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति सोनीपत के सौजन्य से वीरवार को निःशुल्क नेत्र जांच, ऑपरेशन कैम्प व मुफ्त दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। संयोजक नीरज गुप्ता ने बताया कि कैंप में 131 मरीजों की आंखों की फ्री जांच की गई। चिकित्सकों ने 23 मरीजों को गुरुग्राम इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल में मुफ्त ऑपरेशन करवाने के लिए भेजा। इस दौरान मोतियाबिंद व आंखों की सामान्य बीमारियों की जांच तथा मुफ्त दवाई का प्रबंधन आयोजन समिति द्वारा किया गया। नीरज गुप्ता ने बताया कि हर महीने के पहले वीरवार को शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को उनकी जरूरत के हिसाब से सहायता दी जाती है। इस बार कोसमो डेंटल क्लिनिक खरखौदा से डॉ. अनिकेत की टीम ने दांतो की मुफ्त जांच की व जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें 60 मरीजों ने लाभ उठाया। इसके अलावा आंखों की रोशनी को बनाए रखने, आंखों को किसी भी चोट से बचाने और आंखों की सुरक्षा व दांतों की सुरक्षा को लेकर जानकारी व सलाह मरीजों को दी गई। मोतियाबिंद के मरीजों को गुरुग्राम इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल तक लाने ले जाने रहने खाने की सुविधा समिति के द्वारा निःशुल्क दी जाती है। इस मौके पर टीका राम मित्तल, धर्मपाल गर्ग, पवन सिगंला, अमित सिगंला, पंकज गुप्ता, नीरज गुप्ता, पुष्पेश गर्ग, धम्मल फौजी, रोहित राठौर, धर्मेन्द्र पंच, नवीन व समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।



आंखों की जांच करते चिकित्सक।

# हवन कर दीपेंद्र की लंबी उम्र की कामना

- हरियाणा प्रदेश कांग्रेस डेलीगेट ने सांसद का जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस डेलीगेट जसपाल आंतिल ने अपने कार्यालय पर दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (राज्यसभा सांसद) का जन्मदिन हल्के के युवा बुजुर्गों के साथ हवन यज्ञ करके व केक काटकर मनाया। हल्के के सभी गांवों से पार्टी के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कांग्रेस नेता जसपाल आंतिल व युवाओं ने भगवान से दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (राज्यसभा सांसद) की लंबी उम्र की कामना की भाई दीपेन्द्र हुड्डा जी का जन्मदिन उनकी लम्बी उम्र की कामना की। इसके बाद युवाओं ने केक काटा। कांग्रेस नेता जसपाल आंतिल ने उनके स्वस्थ व उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की। आंतिल ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा ऐसे नेता हैं, जिन्होंने हमेशा जनता के हित के लिए प्रदेश में काम किया। वह दिन रात मेहनत कर जनता की आवाज को उठाने का प्रयास करते हैं व प्रदेश के हर तबके की आवाज को ऊपर तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवा दीपेंद्र हुड्डा को चाहते हैं। उसका कारण यह है कि दीपेंद्र हुड्डा युवाओं के लिए एक बड़ा चेहरा है। इस दौरान बिन्दर नांगल, कैलाश मनौली, बलराज कुमामपुर, नफे दहिया, हवा सिंह दीपालपुर, रामफल, जिला प्रवक्ता प्रवीन, जिला अध्यक्ष सेवादल राहत मुकीमपुर, मीडिया कार्डिनेटर लोकसभा इन्द्र, हल्का उपाध्यक्ष यूथ कांग्रेस अमित दहिया नाहरा, हल्का उपाध्यक्ष राम जंगाला, हल्का महासचिव रोहन रंगां, सचिन करमण सन्दीप आदि मौजूद रहे।



डेलीगेट हरियाणा प्रदेश कांग्रेस जसपाल आंतिल खेवड़ा दीपेन्द्र सिंह हुड्डा का जन्म दिन मनाते हुए।

### दीपेन्द्र हुड्डा के जन्मदिन पर नि:शुल्क शिविर

**गोहाना।** राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गुरुवार को गांव जागसी स्थित हैप्पी उच्च विद्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बरोदा हलका के विधायक इन्दुराज नरवाल विशेष रूप से शिरकत की। नि:शुल्क शिविर की अध्यक्षता समाजसेवी डॉ. राजेंद्र सिंह टोंक ने की। यह शिविर उन्हीं के द्वारा आयोजित किया गया। डॉ. टोंक ने कहा कि फिलहाल कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

# डिजिटल इंडिया से समय की बचत व भ्रष्टाचार पर अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

प्रताप सिंह मैमोरियल वमावि में राष्ट्रीय सेवा योजना वार्षिक कैंप के चौथे दिन उप प्राचार्य नरेश कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस मिशन योजना की शुरूआत महात्मा गांधी द्वारा की गई थी, जो कि बाद में 24 सितम्बर, 1969 तत्कालीन शिक्षा मंत्री वीके आर राय ने स्कूल, कॉलेजों में इसकी शुरूआत की। उपप्राचार्य ने स्वयंसेवकों को डिजिटल इंडिया के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसकी शुरूआत 1 जुलाई, 2015 को की गई थी। इसका उद्देश्य सरकारी व गैर सरकारी सभी को एक प्लेटफॉर्म पर जोड़ने का मिशन था, ताकि समय की बचत हो और व्यक्ति घर पर बैठकर सभी कार्य कर सके। आज हम डिजिटल के माध्यम से एग्रीकल्चर, शिक्षा के क्षेत्र, प्रापर्टी, रेल टिकट, जहाज टिकट बुकिंग, बिजली, पानी बिल की पेमेंट घर बैठे ही कर सकते हैं। डिजिटल कार्य होने से भ्रष्टाचार पर भी एक हद तक अंकुश लगा है।



**खरखौदा।** स्वयं सेवकों का मार्गदर्शन करते उप प्राचार्य नरेश। *फोटो :हरिभूमि*

## राजकीय आदर्श संस्कृति वमावि मटिंडू में शिविर का आयोजन

# स्वयंसेवकों को रक्तदान के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मटिंडू में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के चतुर्थ दिवस पर डॉ. हरी दर्शन के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने वर्ल्ड एड्स दिवस, रक्तदान दिवस और क्षय रोग जागरूकता पर गाव मटिंडू में रैली निकाली। चतुर्थ दिवस के मुख्य वक्ता स्वास्थ्य राजदूत डॉ चंद्रभान ने स्वयं सेवकों को क्षय रोग की जानकारी दी व बचाव के उपाय बताए।

उन्होंने स्वयं सेवकों को संतुलित आहार लेने, योग क्रिया करने व समय-समय पर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार लेने व योग क्रिया करने से स्वास्थ्य ठीक रहता है। समय-समय पर रक्तदान करने से स्वयं का स्वास्थ्य तो ठीक रहता ही है, साथ ही दूसरों का जीवन बचाने में सहायता हो जाती है। योग क्रिया के द्वारा शारीरिक व मानसिक संतुलन जीवन में बना रहता है।




**खरखौदा।** शिविर में शामिल स्वयंसेवक। *फोटो :हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

जब शारीरिक व मानसिक संतुलन मजबूत होगा, तभी सामाजिक हित में कार्य करने में दृढ़ता बढ़ेगी। इसलिए संतुलित आहार लेना, प्रतिदिन योग क्रिया करना व समय-समय पर रक्तदान करना रोगों से मुक्ति दिलाता है। इस अवसर पर सुदामा प्रसाद, सुनील शास्त्री, विपिन पहलवान, नरसिंह, पंकज, पवन कुमार, सुदेश, रानी, प्रीति, विजेंद्र लिपिक व राहुल मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## श्रीराम मंदिर रोहट में हुआ हवन

**सोनीपत।** जीवन रक्षक फाउंडेशन के 2 वर्ष पूरे होने की खुशी में अध्यक्ष गऊ सेवक नीरज द्वारा हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं को हवन यज्ञ के प्रति जागरूक किया गया। गौसेवा और हिन्दू संस्कृति के बारे में भी आचार्य ने भी अपने विचार रखे। युवाओ को नशे से दूर रहना और राष्ट्र के प्रति समर्पित होना ये सब युवाओं को बताया गया। रोहट गांव के भी युवा साथियों का सहयोग रहा है। हवन यज्ञ आचार्य नरेंद्र द्वारा समापन किया गया। इस मौके पर रोहट गांव के युवा, टीम रक्षक और गौरक्षा दल के सदस्य भी मौजूद रहे।

## किसान के खेत से कृषि यंत्र चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के चौहान जोशी रोड पर स्थित पंचायती जमीन पर खड़ी दो हरो (कृषि यंत्र) के चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव खेवड़ा निवासी बलजीत उर्फ बल्लू ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसने चौहान जौशी गांव में पंचायती जमीन पट्टे पर ले रखी है। उसने गेहूं की बिजाई के बाद कृषि यंत्र हरो को खेत में खड़ा कर दिया। उसके पास ही गांव के सुरेश ने भी अपने कृषि यंत्र को खड़ा कर दिया। 2 जनवरी को देखा तो दोनों यंत्र गायब मिले।

### सांसद ने भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा को पदभार ग्रहण करवाया

# हरियाणा के लोगों को राम मंदिर के दर्शन करने के लिए 9 व 10 फरवरी निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण करवाया जा रहा है, जिसकी प्राण प्रतिष्ठा स्वयं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी को करेंगे और मंदिर में भगवान राम की मूर्ति स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोगों को राम मंदिर के दर्शन करने के लिए 09 व 10 फरवरी का दिन निर्धारित किया गया है और इस दिन प्रदेश से हजारों की संख्या में लोग अयोध्या पहुंचकर भगवान राम के दर्शन करेंगे।

सांसद ने रेलवे रोड स्थित बीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 09 व 10 फरवरी के लिए जिला स्तर पर भी तैयारियां की जाएंगी ताकि हमारे यहां से भी बिना किसी परेशानी के ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग अयोध्या पहुंचकर भगवान राम के दर्शन कर सके। विकसित भारत संकल्प यात्रा के संदर्भ में सांसद ने कहा कि आज केन्द्र व हरियाणा सरकार के लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते बल्कि संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में स्वयं अधिकारी योजनाओं के पात्र लोगों के घर द्वार पर पहुंचकर उन्हें मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान करवा रहे हैं। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी द्वारा जसबीर दोदवा को जिलाध्यक्ष बनाएं जाने पर सांसद रमेश कौशिक व विधायक मोहनलाल बड़ौली ने प्रदेशाध्यक्ष का धन्यवाद किया और गुरुवार को जसबीर दोदवा को पदभार ग्रहण करवाते हुए सांसद व विधायक ने उन्हें बधाई दी। इस दौरान नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने प्रदेशाध्यक्ष, मुख्यमंत्री, सांसद तथा विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि जो विश्वास दिखाया गया है वो भी इस विश्वास पर खड़े उतरेंगे और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए दिन-रात पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, पूर्व वाईस चेयरमैन ललित बत्रा, राकेश मलिक, परमवीर सैनी आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए सांसद रमेश कौशिक साथ में जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### गोशालाओं के लिए 4.09 करोड़ अलॉट

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान चारे के लिए अनुदान सहायता की दूसरी किस्त के लिए हरियाणा गौ सेवा आयोग में सोनीपत लोक सभा की पंजीकृत गौशालाओं को लगभग 04 करोड़ 09 लाख 94 हजार रुपए की अलाटमेंट कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इन गाऊशालाओं में जिला सोनीपत की 27 गऊशालाएं के लिए 02 करोड 72 लाख 85 हजार तथा सोनीपत लोकसभा में पड़ने वाले जिला जींद की 24 गऊशालाएं को एक करोड 37 लाख 09 हजार रुपए अनुदान के लिए दिए गए है।

# दिवाली से भी भव्य दिवाली मनानी है हमें : राजीव जैन



**सोनीपत।** अभियान के तहत पांच दीये वितरित करते हुए भाजपा नेता राजीव जैन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा है कि हमारी पीढ़ी गौरवशाली है जिसे अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन देखने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है, मंदिर के निर्माण में लगभग चार लाख लोगों के बलिदान का शौर्य छिपा हुआ है। राजीव जैन ने वीरवार को पांच दीये राम के नाम अभियान के तहत जवाहर नगर, तारा नगर, सुभाष नगर, ऋषिकुंज, देव नगर, झुग्गी बस्ती, श्याम नगर बाल्मीकी मंदिर में दीये वितरण कार्यक्रम में रामभक्तों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए शहीद होने वाले तो मंदिर का उद्घाटन भी नहीं देख पाए परन्तु हमें यह सौभाग्य मिल रहा है, इसलिए 22 जनवरी को पिछले वर्ष अक्टूबर की दिवाली से भी भव्य दिवाली मनाकर हमें राम ज्योति अपने घरों के बाहर लगानी है। मौके पर पार्षद अतुल जैन, अनिल ग्रोवर, मुकेश एंडी, कर्मवीर ढोचक, ब्रह्म प्रकाश राठी, अशोक हलवाई, नीटू बाल्मीकि, पवन स्वामी, लक्ष्मण, सुखबीर, अनिल जैन, मनोज गुप्ता, कृष्ण कुमार, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# पिछले 9 साल में देश हुआ काफी मजबूत : सुशीला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के सपने को साकार करने के लक्ष्य के साथ ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्य गुरूवार को गांव भैंसवाल कलां बावला, भैंसवाल कलां मिठान, बरोदा मोर और बरोदा ठुठान पहुंची। गांव में पहुंचने पर लोगों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों को विकसित राष्ट्र निर्माण की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

गांव भैंसवाल कलां बावला तथा भैंसवाल कलां मिठान में हरियाणा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष फूल खरब तथा गांव बरोदा मोर तथा बरोदा ठुठान में मुण्डलाना ब्लॉक की चेयरपर्सन सुशीला शर्मा ने जनसंवाद कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। सुशीला शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ सालों में देश में हुए परिवर्तन को हर व्यक्ति महसूस कर रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश में विकास की बड़ी-बड़ी योजनाएं देश में शुरू हुई हैं। गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के समाज के हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने लोगों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी गरीबों का विश्वास है। इस मौके पर राजकुमार शर्मा, सुधीर मलिक, भले राम नरवाल, सोनिया, मनोज शर्मा तथा प्रदीप मलिक, गांव के सरपंच वजीर सिंह मोर तथा जितेन्द्र खासा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



**गोहाना।** यात्रा में महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान करते हुए अतिथिगण।

# मंदबुद्धि युवती को आश्रम भेजा



**सोनीपत।** मंदबुद्धि युवती को एम्बुलेंस के जरिये आश्रम भेजते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

समाज कल्याण शिक्षा समिति व सब इंस्पेक्ट जगत सिंह द्वारा मंदबुद्धि व बेसहारा लोगों (प्रभु) को आश्रम भेजने का अभियान चलाया हुआ है। इसी अभियान के तहत वीरवार को एक युवती प्रभु को अपना घर आश्रम भेजा गया है। इस महिला सहित संस्थान द्वारा अब तक कुल 161 प्रभुओं को आश्रम भेजा जा चुका है। समिति के प्रधान आनंद कुमार ने बताया कि हेल्पिंग हैंड फोर ह्यूमेनिटी के प्रधान जयंत को राम नगर की गली नंबर 8 में गुगा मंदिर के पास एक मंदबुद्धि महिला युवती दिखाई। नंगे पांव घूम रही महिला को देखने के उपरांत जयंत ने 112 नंबर पर फोन किया। पुलिस आई और युवती को अपने साथ थाना शहर ले गई। समिति के प्रधान व सब इंस्पेक्टर जगत सिंह भी पहुंचें। युवती का मेडकल करवाया गया और अपना घर आश्रम से एम्बुलेंस मंगवाकर युवती को आश्रम भेजा।

# श्रमिक की बेटी को भेंट की इलेक्ट्रानिक स्कूटी



**गोहाना।** श्रमिक की बेटी को स्कूटी भेंट करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा व उसके सहयोगी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

अंत्योदय के विचार से प्रदेश सरकार के श्रम विभाग द्वारा मोहाना गांव में श्रमिक यासीन की बेटी मोमिना को पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर इलेक्ट्रानिक स्कूटी भेंट की गई। स्कूटी भेंट करने के लिए भाजपा जिला सोनीपत के पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा पहुंचे। गांव की बेटी को यह स्कूटी मोहाना डिजिटल सेवा केंद्र संचालक प्रवीन सिंह की उपस्थिति में दी गई। भाजपा नेता तीर्थ राणा ने कहा कि अंत्योदय के विचार से श्रम विभाग द्वारा पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मिस्त्री और मजदूर की बेटियों को निःशुल्क इलेक्ट्रानिक स्कूटी भेंट की जाएंगी। मौके पर पर भाजपा मोहाना मंडल अध्यक्ष मुकेश सैनी, जिला पार्षद सुरेश नैना ततारपुर, सरपंच नरेंद्र मेहला आदि थे।

# मोबाइल छीनकर भाग रहे दो युवकों को पकड़ा



**सोनीपत।** गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

- आरोपितों को अदालत में किया पेश, न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मोबाइल फोन झपटकर भाग रहे युवकों को राहगीरों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपितों को काबू कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित अजय निवासी लाल दरवाजा, अमन निवासी सूंदर सावरी जटवाड़ा का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। ओल्ड डीसी रोड निवासी अमल ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह रिलाइंस में केजेड पोस्टपे में काम करता है। वह अपनी डयूटी खत्म करके रात 10.45 बजे घर जा रहा था।

शहर के दीपक मंदिर के पास पहुंचा। उसी दौरान बाइक सवार युवक उसका मोबाइल फोन छीनने लगे। उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। राहगीरों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया। राहगीरों ने ही इस मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित के बयान पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी रविंद्र ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### छात्रा से मोबाइल फोन छीना

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में छात्रा से मोबाइल फोन छीनने का मामला सामने आया है। छात्रा ने पुलिस को शिकायत देकर बाइक सवार दो युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवकों का पता लगाने के लिए पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। चावला कॉलोनी निवासी खुशी जैन ने बताया कि वह कंपनी सचिव की पढ़ाई कर रही है। वह 3 जनवरी को देर शाम चार बजे मुरथल अड्डा से बड़ा बाजार से अपने घर की तरफ जा रही थी। उसी दौरान वह अपने मोबाइल पर कॉल सुन रही थी। उसी दौरान पीछे से बाइक पर सवार दो युवक आए। उन्होंने उसका मोबाइल फोन झपट लिया। उसने शोर मचाया, लेकिन बाइक सवार युवक फरार हो गए। वह डर के चलते बाइक का नंबर नहीं पहचान सकी। मामले को लेकर परिजनों को अगवत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। बाइक सवार युवकों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द मामले का पटाक्षेप कर दिया जायेगा।

### वर्कशॉप से हजारों रुपये नकदी व सामान चोरी

**सोनीपत।** पुलिस को दी शिकायत में गांव सांदल खुर्द निवासी फुलकुमार ने बताया कि उसने सनराईज मोटर के नाम से वर्कशॉप कर रखी है। गत 2 जनवरी को देर रात करीब 9 बजे वर्कशॉप को बंद करके घर चला गया। अगले दिन सुबह वर्कशॉप पर पहुंचा। मेन गेट का ताला टूटा हुआ पाया गया। अंदर जाकर सामान की जांच की तो किसी ने कार्यालय के गेट का शीशा तोड़कर अंदर अलमारी से 30 हजार रुपये व एलईडी टीवी गायब मिला। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई शमसेर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है।

### तीरंदाज का बस से सामान चोरी

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्थित साई के उत्कृष्टता केंद्र, बहालगढ़ की राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाज का बस में सामान चोरी हो गई। वह पंजाब के पटियाला में आयोजित हुई खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में कांस्य लेकर साथी खिलाड़ियों व प्रशिक्षक के साथ लौट रही थी। खिलाड़ी के पिता ने तमिलनाडु से लौटकर बहालगढ़ थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। तमिलनाडु के जिला सलेम के संकरी निवासी अधिवक्ता मुरुगानांथम ने पुलिस को बताया कि उनकी बड़ी बेटी मधुरावर्षिनी बहालगढ़ के साई केंद्र में तीरंदाजी की खिलाड़ी है। वह 29 दिसंबर को पटियाला में आयोजित दूसरी खेलो इंडिया महिला राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गई थी। प्रतियोगिता में उनकी बेटी ने कांस्य पदक जीता था। 30 दिसंबर को उनकी बेटी अपनी साथी खिलाड़ी चिकिता व रिया और प्रशिक्षक एमएस मोनिका व एक अन्य के साथ पटियाला से बस में सवार होकर बहालगढ़ के लिए चली थी। देर रात बस कुरुक्षेत्र में जन्नत हवेली ढाबा पर रुकी थी। बस में खिलाड़ी मधुरावर्षिनी, रिया और चिकिता के तीन किट बैग थे। जब बस बहालगढ़ पहुंची तो बस में उसकी बेटी के 6 लाख का खेलों का सामान वाला बैग चोरी मिला।

### संदिग्ध हालत में किशोर लापता

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में किशोर के लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। किशोर की मां ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मशद मोहल्ला निवासी सुमन ने बताया कि उसका बेटा अनुज जिसकी आयु 15 वर्ष है। वह दिमागी तौर से कमजोर है। गत 2 जनवरी को घर से बिना बताए बाहर चला गया। देर शाम तक वापिस नहीं लौटा।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### स्वयंसेवकों ने दिन की शुरूआत योगासनों से की

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए डा. ज्योति राज। फोटो : हरिभूमि

- राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माडल टाउन में एनएसएस शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में एनएसएस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के छठे दिन राष्ट्रपति अवार्डी डा. ज्योति राज मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचीं। स्वयंसेवकों ने दिन की शुरूआत योगासनों से की। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए डा. ज्योतिराज ने कहा कि एनएसएस आपके व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ सेवा भाव को विकसित करती है। इससे हम समाज में लैंगिक भेदभाव, साम्प्रदायिक सौहार्द, जागरूकता इत्यादि का विकास करता है। स्वयंसेवकों पराग, समीर ने डा. ज्योतिराज को पुस्तक भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी पवन सीताराम, कृष्ण रोहिल्ला, अभिमन्यु, डा. आनंद एवं रजनीश आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं को करवाई यौगिक क्रियाएं




**सोनीपत।** शिविर के दौरान जागरूक रैली निकालती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**सोनीपत।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के चौथे दिन सुनीता ढुल, यशपाल आर्य व सुमन देशवाल ने योग क्रियाएं करवाई। यशपाल आर्य ने स्वयंसेविकाओं को संतुलत आहार-विहार पर छात्राओं से चर्चा की। इस अवसर पर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने वाले लक्ष्मीनारायण बोहरा ने सूर्य नमस्कार व विभिन्न योग आसनों का अभ्यास करवाया। सीटीएम पूजा कुमारी ने कैंप का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान छात्राओं ने स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिये रैली निकाली। इस अवसर पर अनीता, पिंकी, सरिता, कविता, निर्मल, पम्मी, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारियों के शोषण को मिल रहा बढ़ावा : राजेश रसोई



**सोनीपत।** बैठक करते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ग्रामीण सफाई कर्मचारी जिला कमेटी की मीटिंग पंचायत भवन में सीटू जिला प्रधान अनीता के नेतृत्व में संपन्न हुई। अध्यक्षता यूनियन प्रधान राजेश रसोई ने की व संचालन जिला सचिव राजेश टॉकी ने किया। मीटिंग में राई, खरखोदा मुरथल मुडलान ब्लॉक की कमेटी शामिल रही। यूनियन नेताओं ने बताया कि सरपंचों द्वारा हाजरी लगवाकर, सफाई कर्मचारियों के शोषण को बढ़ावा दिया गया है। कुछ सरपंचों ने राजनीति चमकाने व निजी स्वार्थ सिद्ध करने के लिए सफाईकर्मियों से सफाई से अलग अनेकों काम लिए जा रहे हैं। बेगार मना करने पर हाजिरी कम लगाकर वेतन कटवाया और रुकवाया जा रहा है। बहुत से कर्मियों को नौकरी से हटवा दिया गया है।

नोटिसों के जवाब देने के बाद भी कर्मियों की कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है, जोकि हरगिज भी बर्दश नहीं किया जायेगा। इस दौरान चेतावनी दी गई कि 16 जनवरी तक मीटिंग करके समस्याओं का समाधान नहीं निकला तो आंदोलन करने पर मजबूर होंगे, जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। मीटिंग को सीटू की जिला की उप प्रधान सुनीता, मुकेश, खरखौदा ब्लॉक प्रधान रोहतास, राई कोषाध्यक्ष जसमेर आदि ने संबोधित किया।